H-5926

M.A. (II Semester) Examination, 2022

हिन्दी साहित्य

प्रश्नपत्र – VI

(संत काव्य)

समय सीमा: 03 घंटे
अधिकतम अंक: 70

खंड : अ

नोट: कोई भी दस प्रश्न हल करें। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है।

I. वस्तुनिष्ठ प्रश्न (अधिकतम अंक -10) **1x10**

1. मलिक मुहम्मद जायसी का जन्म.....में हुआ था। (स्थान)
2. कबीर के अनुसार निर्गुण ईश्वर ..... की गंध के तरह है ।
3. .....गोस्वामी तुलसीदास जी के गुरु थे।
4. दशरथ पुत्र राम .....के अवतार थे।
5. धरमदास ..... के शिष्य थे।

6. सूरसागर में ..... पद संकलित हैं।
7. "भँवर गीत" किसकी रचना है?

   क) कबीर ख) धरमदास

   ग) तुलसीदास घ) नंददास

8. सूरदास के गुरु कौन थे?

   क) वल्लभाचार्य ख) विट्ठलदास

   ग) रामसागर घ) नन्ददास

9. कबीरदास की भाषा कौन सी थी?

   क) साधुक्कड़ी ख) मैथिली

   ग) मेवाती घ) बुन्देली

10. राम भक्ति शाखा के प्रमुख कवि हैं:

    क) तुलसीदास ख) कबीर

    ग) जायसी घ) नन्ददास

11. जॉयस भक्ति काव्या की निर्गुण शाखा के प्रेम मार्गी कवि हैं।

(सही या गलत बताएं)

12. सूरदास कृष्ण भक्ति काव्य धारा के महाकवि हैं।

(सही या गलत बताएं)

खंड : ब

नोट: निम्नलिखित किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर 25 -30 शब्दों में दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है।

II. अतिलघु उत्तरीय प्रश्न 2x5=10

1. नंददास के किन्हीं चार ग्रंथों के नाम लिखिए।
2. सूरदास की रचनओं के कोई दो विशेषता लिखिए।
3. कबीर की रचनाओं का मुख्य आकर्षण क्या है ?
4. साधुक्कड़ी भाषा शैली किसे कहते है ?
5. सूरदास के अनुसार वात्सल्य क्या है ?

6. ज्ञान-मार्गी शाखा से क्या अभिप्राय है ?
7. भक्ति काल से किन्हीं चार कवी के नाम लिखिए?

खंड : स

नोट: निम्नलिखित किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर 250 -300 शब्दों में दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न चार अंक का है।

II. लघु उत्तरीय प्रश्न 4x5=20

1. बाल हठ और वात्सल्य के आधार पर सूरदास के पदों का रसास्वादन कीजिए।
2. हिन्दी साहित्य के भक्ति काल की विशेषता क्या है ?
3. भावार्थ लिखिए:-

जाके मुँह माथा नहीं, नाहिं रूप कुरूप।

पुहुप बास थैं पातरा, ऐसा तत्व अनूप ।।

4. तुलसीदास के बाल्यकाल का परिचय दीजिए।

5. रामचरितमानस के सबरी प्रसंग पर प्रकाश डालिए।

6. नंददास की रचना शैली पर प्रकाश डालिये।

खंड : द

नोट: निम्नलिखित किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर 500 शब्दों में दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न दस अंक का है।

IV दीर्घ उत्तरीय प्रश्न 10x3=30

1. "सूरदास पुष्टिमार्ग के जहाज हैं" अर्थ स्पष्ट कीजिये।

2. व्याख्या कीजिए :-

अगहन देवस घटा निसि बाढ़ी। दूभर दुख सो जाइ किमि काढ़ी।।

अब धनि देवस बिरह भा राती। जरै बिरह ज्यों दीपक बाती।

काँपा हिया जनावा सीऊ। तौ पै जाइ होइ सँग पीऊ।।

घर घर चीर रचा सब काहूँ। मोर रूप रंग लै गा नाहू।

पलटि न बहुरा गा जो बिछोई। अबहूँ फिरै फिरै रंग सोई।।

सियरि अगिनि बिरहिनि हिय जारा। सुलगि सुलगि दगधै भै छारा।।

3. गोस्वामी तुलसीदास के महाकाव्य 'रामचरितमानस' का सारांश लिखिए।

4. अर्थ स्पष्ट कीजिये:-

i. जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिये ज्ञान,

मोल करो तरवार का, पड़ा रहन दो म्यान।।

ii. गुरु गोविंद दोऊ खड़े, काके लागूं पाए,

बलिहारी गुरु आपने, गोविन्द दियो बताय।